**भारत सरकार**

**शिक्षा मंत्रालय**

**स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 916**

**उत्तर देने की तारीख: 07.02.2022**

**केन्द्रीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए कोटा**

**†916. श्री प्रताप सिम्हा:**

**श्री कराडी सनगन्ना अमरप्पा:**

**श्री देवेन्द्र सिंह 'भोले':**

**डॉ. उमेश जी. जाधव:**

**श्री बी.वाई. राघवेन्द्र:**

**श्री एस. मुनिस्वामी:**

**क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) क्या सरकार का शैक्षणिक वर्ष** 2022-23 **के लिए केन्द्रीय विद्यालयों में माननीय शिक्षा मंत्री या संसद सदस्यों को दिए जाने वाले विशेष छूट पर आधारित प्रवेश कोटे को पहले की तरह रद्द करने का प्रस्ताव है**;
**(ख) यदि हां**, **तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है**;
**(ग) यदि नहीं**, **तो क्या सरकार का माननीय संसद सदस्यों के लिए केन्द्रीय विद्यालयों में प्रवेश कोटे को बढ़ाने का प्रस्ताव है**; **और**
**(घ) क्या सरकार का उत्तर प्रदेश के कानपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में केन्द्रीय विद्यालय स्थापित करने का विचार है और यदि हां**, **तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है**?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(डॉ. सुभाष सरकार)**

**(क) और (ख) शैक्षणिक वर्ष 2022-23 के लिए केन्द्रीय विद्यालयों (केवि) में प्रवेश हेतु माननीय संसद सदस्यों के विशेष प्रवेश कोटे को समाप्त करने हेतु सरकार के विचाराधीन ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।**

(ग) माननीय संसद सदस्यों के लिए केंद्रीय विद्यालयों में प्रवेश कोटा बढ़ाने के लिए सरकार के विचाराधीन फिलहाल ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

(घ) नए केन्द्रीय विद्यालय (केवि) खोलना एक सतत प्रक्रिया है। केंद्रीय विद्यालयों को देशभर में शिक्षा के लिए एक साझा कार्यक्रम प्रदान करके मुख्य रूप से रक्षा और अर्द्धसैनिक बलों के कार्मिकों, केंद्रीय स्वायत्त निकायों, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और केंद्रीय उच्चतर शिक्षण संस्थानों (आईएचएल) के कर्मचारियों सहित केन्द्र सरकार के स्थानांतरणीय कर्मचारियों के वार्डों की शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए खोला जाता है। नए केंद्रीय विद्यालय खोलने के प्रस्ताव पर तभी विचार किया जाता है यदि उसे मंत्रालय अथवा भारत सरकार/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा प्रायोजित किया गया हो और नए केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए संसाधनों की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई हो। विभिन्न प्रायोजक प्राधिकरणों से प्राप्त  प्रस्तावों, जो नए केंद्रीय विद्यालय खोलने संबंधी पूर्व-अपेक्षाओं को पूरा करते हैं, को ऐसे अन्य प्रस्तावों के साथ 'चुनौती पद्धति' के तहत प्रतिस्पर्धा करनी होती है और ये सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अध्यधीन होता है।

वर्तमान में, उत्तर प्रदेश राज्य में 122 केंद्रीय विद्यालय माटी अकबरपुर, कानपुर देहात जिला में 01 के.वि सहित) कार्यात्मक हैं। केन्द्रीय विद्यालय संगठन को कानपुर, उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र में एक नया के.वि खोलने के लिए निर्धारित प्रोफार्मा में कोई भी प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****